जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 100
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 20 जनवरी, 2023

फास्ट फॉरवर्ड

शोध एवं प्रसार की कुलपति ने ली जानकारी

जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विजेंद्र सिंह ने बीते दिन गुरुवार को विश्वविद्यालय संकाय सदस्यों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने सभी संकाय सदस्यों से उनके द्वारा किए जा रहे शिक्षण, शोध एवं प्रसार गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों और वैज्ञानिकों से अपनी समस्याएं बताने की बात कही। उन्होंने कहा कि आपकी समस्याएं सरकार के समक्ष प्रस्तुत कर उनका निराकरण कराने का भी प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि आप लोग अधिक से अधिक समय प्रयोगशालाओं में दे जिससे छात्र आधुनिक कृषि को प्रयोगात्मक विधि से सीख सके। कुलपति ने शिक्षकों से समय अनुपालन को ध्यान में रखते हुए एक आदर्श शिक्षक के रूप में अपने आपको प्रस्तुत करने की बात कही। जिससे विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर गौरवान्वित हो।

दैनिक जागरण कानपुर 20/01/2023

नियुक्ति संबंधी मुद्दों के समाधान का दिया भरोसा

कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के कार्यवाहक कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने गुरुवार को विश्वविद्यालय में शिक्षकों व विज्ञानियों के साथ बैठक करके नियुक्ति संबंधी मुद्दों का जल्द समाधान कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने समस्याओं को सरकार के पास पहुंचाने की भी बात कही। शिक्षकों की ओर से कराए जा रहे शिक्षण, शोध व प्रसार गतिविधियों की जानकारी लेकर उन्होंने कहा कि आप विश्वविद्यालय हित में कार्य करें।

REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA

प्याज की खुशबू चूहों को बर्दाश्त नहीं होती

गेहूं की फसल को चूहों से बचाएं किसान

डीटीएनएन

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कीट विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं कीट वैज्ञानिक डॉ राम सिंह उमराव ने बताया कि गेहूं की फसल को चूहों से सुरक्षित रखने के लिए घरेलू उपाय बहुत ही कारगर है। चूहे किसानों की फसल को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने बताया कि कई किसान भाई चूहों के बचाव के लिए रासायनिक दवाओं का प्रयोग करते हैं।पर वह भी कुछ हद तक ही कारगर होता है लेकिन डॉक्टर उमराव बताते हैं कि चूहों को रोकना आसान नहीं है क्योंकि चूहों को रोकने के सरलतम और घरेलू उपचार भी किए जा सकते हैं जो पूर्णतया सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि चूहों की रोकथाम के लिए प्याज की खुशबू चूहों को बर्दाश्त नहीं होती है इसलिए उन जगहों पर ब्याज के टुकड़े डाल दें जहां पर चूहे आते हैं इसके अतिरिक्त खाने में प्रयोग होने वाली लाल मिर्च चूहों को भगाने के लिए काफी कारगर है। जहां से चूहे ज्यादा आते हैं वहां पर लाल मिर्च का पाउडर डाल दें। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि कच्चा पपीता छोटे-छोटे पीस करके खेत में बिखेर देने से चूहे भाग जाते हैं। इसके अतिरिक्त इंसानों के बाल से भी चूहे भागते हैं क्योंकि इसको निकलने से इनकी मौत हो जाती है इसलिए इसके नजदीक आने से यह काफी डरते हैं ।

राष्ट्रीय सहारा

कानपुर • शुक्रवार • 20 जनवरी • 2023

सीएसए कुलपति ने शिक्षकों/वैज्ञानिकों को समय के अनुपालन का दिया निर्देश

ए कुलपति शिक्षकों के संग बैठक करते हुए।

कानपुर (एसएनबी)। सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के कार्यवाहक कुलपति डॉ.विजेन्द्र सिंह ने गुरुवार को संकाय सदस्यों के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने संकाय सदस्यों से शिक्षण, शोध व प्रसार गतिविधियों की जानकारी ली। कुलपति ने शिक्षकों/वैज्ञानिकों से कहा कि जो भी समस्याएं हैं, शासन के समक्ष उसे प्रस्तुत कर निराकरण कराने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कार्यों में समय अनुपालन को आवश्यक बताते हुए विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील रहने व विवि हित में कार्य करने की अपेक्षा की। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक समय प्रयोगशालाओं में देने को कहा।

हिंदुस्तान कानपुर 20/01/2023

सीएसए कुलपति ने ली शिक्षकों की क्लास

कानपुर। सीएसए विवि के कुलपति डॉ.बिजेंद्र सिंह ने गुरुवार कमेटी हाल में संकाय सदस्यों संग बैठक में शिक्षण, शोध व प्रसार गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिक्षकों या वैज्ञानिकों को जो भी समस्याएं हैं, उसे सरकार के समक्ष प्रस्तुत करूंगा तथा उन्हें निराकरण कराने का भी प्रयास रहेगा। शिक्षक छात्रों के साथ प्रयोगशालाओं में अधिक समय व्यतीत करें।

अमर उजाला कानपुर 20/01/2023

शिक्षक छात्रों के प्रति रहें संवेदनशील

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने गुरुवार को कमेटी हॉल में संकाय सदस्यों के साथ बैठक की। कुलपति ने कहा कि शिक्षकों या वैज्ञानिकों को जो भी समस्याएं हैं, उसे सरकार के सामने प्रस्तुत कर निराकरण के लिए प्रयास किए जाएंगे। कुलपति ने शिक्षकों से कहा कि वे छात्र के प्रति संवेदनशील रहें ताकि छात्र अपने अभिभावकों की कमी महसूस न करें। कुलपति ने कहा कि विवि में हर स्तर पर अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए। (ब्यूरो)